विपणन/बीएसएम/मसाले/08/2020-21 **10 मार्च , 2021**

महोदय/महोदया,

विषय: गुजरात पर विशेष ध्यान देते हुए 16 मार्च, 2021 को सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक बीजीय मसालों केलिए ऑनलाइन क्रेता-विक्रेता बैठक (बीएसएम)

स्पाइसेस बोर्ड भारत की ओर से अभिवादन !

स्पाइसेस बोर्ड (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार), भारतीय मसालों के विकास और दुनिया-भर में बढ़ावा देनेवाला अग्रणी संगठन है, जो मसाला उद्योग के विभिन्न स्तरों पर संबंध को सुदृढ़ करते हुए मसाला व्यापार के संवर्धन एवं सुगमता हेतु कार्यकलापों की अगुवाई करता है।

भारत का मसाला निर्यात, वैश्विक महामारी की स्थिति के बावजूद भी, पिछले वर्ष की तुलना में, मात्रा में, आठ प्रतिशत, रुपए के हिसाब से दस प्रतिशत तथा डॉलर के हिसाब से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने के अलावा, वर्ष 2019-20 के दौरान, 21515.40 करोड़ रुपए मूल्यवाले, 11,83,000 मीटरी टन की मात्रा के साथ, मूल्य वसूली में तीन अरब यूएस डॉलर का लैंडमार्क स्तर तक बढ़ा ।

गुजरात राज्य, बीजीय मसालों का प्रमुख उत्पादन एवं निर्यात हब होने के कारण भारत के मसाला उत्पादन में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। वर्ष 2019-20 के दौरान, राज्य में जीरे का उत्पादन, 3,37,007 हेक्टयर क्षेत्र से 5,56,750 मेट्रिक टन रहा, जबकि बड़ी सौंफ का 2,72,000 हेक्टयर क्षेत्र से 1,29,350 मेट्रिक टन उत्पादन किया गया। मेहसाना जिले के ऊंझा को, बीजीय मसालों का एशिया का सबसे बड़ा बाज़ार के रूप में जाना जाता है। गुजरात से लगभग 1200 पंजीकृत निर्यातक मसाला निर्यात व्यापार में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

भारत, बीजीय मसालों के, दुनिया के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है, जिसके निर्यात में पिछले कुछ वर्षों में लगातार प्रगति दर्ज की गई है। वर्ष 2019-20 के दौरान, भारत ने 3225.00 करोड़ रुपए मूल्यवाला 2,10,000 टन जीरा, 411.00 करोड़ रुपए मूल्यवाला 50,250 टन धनिया, 228 करोड़ रुपए मूल्यवाला 23,800 टन बड़ी सौंफ और 163.00 करोड़ रुपए मूल्यवाला 27,660 टन मेथी का निर्यात किया है।

मसालों व मसाला उत्पादों का निर्यात और बढ़ावा देने केलिए स्पाइसेस बोर्ड, क्रेता-विक्रेता बैठक (बीएसएम) का आयोजन करता आ रहा है, ताकि मसाला उद्योग के खरीददारों और विक्रेताओं को सीधे

बातचीत करने और कारगर कारोबारी संपर्क स्थापित करने हेतु एक आम मंच मुहैया किया जा सके। तदनुसार, बोर्ड 16 मार्च, 2021 को सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक गूज़रत पर ज़ोर देते हुए बीजीय मसालों केलिए ऑनलाइन क्रेता-विक्रेता बैठक(बीएसएम) आयोजित कर रहा है।

गूज़रत से एफ़पीओ, प्रगतिशील कृषक, कृषक समुदाय, प्रसंस्करणकर्त्ता एवं व्यापारियों के प्रतिनिधित्व करनेवाले लगभग 200 विक्रेता/उत्पादक तथा भारत भर के निर्यातक इस बीएसएम में भाग लेंगे।

सभी निर्यातकों को बीएसएम में हार्दिक रूप से आमंत्रित किया जाता है ताकि बीजीय मसालों के आपूर्तिकर्त्ताओं/कृषकों के साथ कारगर कारोबारी संपर्क स्थापित करने की संभावनाओं की तलाश की जा सके। इच्छुक निर्यातक/क्रेता 12 मार्च, 2021 को या उससे पहले निम्नलिखित विवरण इ-मेइल sdaunjha@gmail.com के ज़रिए उपलब्ध कराते हुए बीएसएम केलिए रजिस्टर कर सकते हैं।

नाम, कंपनी का नाम एवं पता	**मोबाइल नं. व इ-मेइल**

पंजीकरण के उपरांत, कार्यक्रम का लिंक इच्छुक खरीददारों के साथ साझा किया जाएगा।
अधिक जानकारी केलिए कृपया संपर्क करें:

श्री रामण्णा, उप निदेशक, स्पाइसेस बोर्ड, ऊंझा - 93210 26505, 02767 250141/42
श्रीमती मिनिमोल विनोदन, निर्यात संवर्धन अधिकारी, स्पाइसेस बोर्ड, अहमदाबाद - 99786 66150
श्री सनोज के.एल., विस्तार सहायक, स्पाइसेस बोर्ड, ऊंझा - 95390 14565

शुभकामनाओं के साथ

पी.एम. सुरेष कुमार
निदेशक(विपणन)